भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
प्रेस विज्ञप्ति

भारतीय विमानन अकादमी द्वारा " कार्यपालक विकास कार्यक्रम - कार्यपालक योग्यता संवर्धन कौशल" विषय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया

26 मई, 2023 नई दिल्ली - भारतीय विमानन अकादमी (आईएए) द्वारा 22-26 मई, 2023 तक कार्यपालक विकास कार्यक्रम - कार्यपालक योग्यता संवर्द्धन कौशल पर एक सफल प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया । भारतीय विमानन अकादमी (आईएए), भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई), नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) और नागर विमानन सुरक्षा ब्यूरो (बीसीएएस) का एक प्रतिष्ठित संयुक्त उद्यम है और विमानन उद्योग में प्रतिभाओं के पोषण और पेशेवरों को सशक्त बनाने की अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है।

डॉ. एच. श्रीनिवास, अध्यक्ष जनरल बॉडी-, भाविप्रा, सदस्य-मानव संसाधन- भाविप्रा के दूरदर्शी नेतृत्व में इस कार्यक्रम ने अपने उद्देश्यों को प्राप्त किया और सभी उपस्थित लोगों के लिए एक गहन और अंतर्दृष्टिपूर्ण प्रशिक्षण यात्रा हेतु मार्ग प्रशस्त किया। विमानन उद्योग की उभरती मांगों को पूरा करने के लिए "कार्यपालक योग्यता संवर्धन कौशल" पर प्रशिक्षण कार्यक्रम को सावधानीपूर्वक तैयार किया गया था। विभिन्न राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डों के सम्मानित विमानन पेशेवरों ने कार्यक्रम में सक्रिय रूप से भाग लिया। इस कार्यक्रम ने ज्ञान के आदान-प्रदान और कौशल विकास के लिए एक महत्वपूर्ण मंच के रूप में कार्य किया।

यह कार्यक्रम वर्तमान समय के सक्रिय कारोबारी परिवेश में उत्कृष्टता प्राप्त करने हेतु आवश्यक दक्षताओं के साथ कार्यपालकों को समर्थ बनाने पर केंद्रित था।
कार्यपालक विकास हेतु एक समग्र दृष्टिकोण के साथ पाठ्यक्रम में विषयों और संवादात्मक सत्रों की एक विस्तृत श्रृंखला सम्मिलित है जो एक आकर्षक और रूचिपूर्ण ज्ञान अर्जन का अनुभव सुनिश्चित करता है।

प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान, प्रसिद्ध विशेषज्ञों और अनुभवी पेशेवरों ने सत्रों के माध्यम से सैद्धांतिक ढांचे, केस स्टडीज, संवादात्मक चर्चाओं और व्यावहारिक अभ्यासों को सम्मिलित किया, ऐसे सत्रों का आयोजन किया गया जिसमें प्रतिभागियों को प्रभावी प्रबंधकीय दक्षताओं, तनाव प्रबंधन, समस्या के समाधान और निर्णय लेने, प्रभावी संचार, संघर्ष प्रबंधन, भावनात्मक बुद्धिमत्ता, और एक पूर्ण प्रशिक्षण अनुभव के लिए कई और विषयों को समझने का अवसर मिला।

कार्यक्रम के परिणाम पर संतोष व्यक्त करते हुए डॉ. श्रीनिवास, सदस्य मानव संसाधन- भाविप्रा ने निरंतर व्यावसायिक विकास के लिए संस्थान की प्रतिबद्धता को अभिपुष्ट किया।उन्होंने

कहा, "हमें इस परिवर्तनकारी प्रशिक्षण कार्यक्रम की सुविधा प्रदान करने की खुशी है, जिससे कार्यपालक अपनी दक्षताओं को बढ़ाने और अपने संबंधित संगठनों में सफलता हासिल करने में सक्षम हो गए हैं। भारतीय विमानन अकादमी उद्योग के पेशेवरों को अपने कौशल को बढ़ाने और लगातार बदलते कारोबारी परिदृश्य में आगे रहने के लिए मंच प्रदान करना जारी रखेगी।

डॉ. एच. श्रीनिवास ने आगे अधिकारियों को आश्वस्त करते हुए कहा, "हमारा लक्ष्य आपको अपनी भूमिकाओं में उत्कृष्टता प्राप्त करने और आत्मविश्वास के साथ नेतृत्व करने के लिए आवश्यक उपकरण, ज्ञान और कौशल से सुसज्जित करना है।" भारतीय विमानन अकादमी में " कार्यपालक विकास कार्यक्रम - कार्यपालक योग्यता संवर्धन कौशल " प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल समापन कार्यपालक विकास में उत्कृष्टता के लिए संस्थान के समर्पण को दर्शाता है।

राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतिभागियों को एक साथ लाकर और एक अनुकूल सीखने के परिवेश को बढ़ावा देकर, कार्यक्रम ने निस्संदेह विमानन उद्योग और उससे आगे, अधिकारियों की नेतृत्व क्षमताओं को बढ़ाने में योगदान दिया है।

भारतीय विमानन अकादमी में आगामी प्रशिक्षण कार्यक्रमों और कार्यपालक विकास पहलों के बारे में अधिक जानकारी के लिए, कृपया उनकी आधिकारिक वेबसाइट देखें: https://iaa.edu.in/।

निगमित संचार निदेशालय, भाविप्रा द्वारा जारी
विस्तृत विवरण हेतु कृपया संपर्क करें:
मप्र (नि सं) 011-24622787

प्रेस विज्ञप्ति. 6/2023-24